



# दीपावली को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्त कार्रवाई

## मिठाई व नाश्ता दुकानों के नमूने लिए, घटिया बर्फी नष्ट कराई, कलेक्टर के निर्देशन में चलित प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर जांच, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अक्टूबर।** दीपावली त्योहार के सीजन में मिलावटखोरी और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर पालिका परिषद भिंड की टीम के साथ शहर के प्रमुख क्षेत्रों में नमूना संग्रह एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई सिटी कोतवाली के सामने स्थित नाश्ता एवं मिठाई की दुकानों पर की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कु. रेखा सोनी ने लक्ष्मी स्वीट्स से यूज्ड कुकिंग ऑयल, मलाई बर्फी एवं गुजिया के नमूने लिए। इसी क्रम में रीना बंसल ने कृष्णा मिष्ठान भंडार से यूज्ड कुकिंग ऑयल, मावा पेड़ा एवं मावा बर्फी के नमूने लिए, वहीं किरन सेंगर ने स्थानीय दुकानों से यूज्ड कुकिंग ऑयल, बर्फी, बूंदी के लड्डू एवं जलेबी के नमूने संग्रहित किए।



**नपा ने दुकानों के बाहर से हटाए काउंटर :** नगर पालिका की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए तीनों दुकानों के बाहर लगे काउंटर, भट्टी, ओवन व अन्य अतिक्रमण सामग्री को हटाया, जिससे मुख्य मार्ग पर आवागमन सुगम हो सके और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने राज्य शासन द्वारा प्रदत्त चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से लहार रोड स्थित कलेक्ट्रेट के सामने मिठाई और नाश्ता दुकानों पर बिक रहे खाद्य पदार्थों के मौके पर परीक्षण किए। इस दौरान दीपेश मिष्ठान भंडार, काजल स्वीट्स, चौधरी मिष्ठान भंडार, दीप मिष्ठान भंडार, गुर्जर मिष्ठान भंडार, न्यू दीप मिष्ठान भंडार सहित अन्य दुकानों से मावा बर्फी, पेड़ा, रसगुल्ला, सोनपपड़ी, बेसन के लड्डू, बूंदी के लड्डू, मसाले आदि के कुल 40 नमूने लिए गए और मौके पर जांच की गई।

**दीपेश मिष्टान भंडार की बर्फी निकली खराब :** जांच में दीपेश मिष्ठान भंडार की चॉकलेट बर्फी में लगी सिल्वर बर्क (चांदी का वर्क) निम्न गुणवत्ता का पाया गया, जिस पर विभाग द्वारा 2.5 किलो बर्फी मौके पर ही नष्ट कराई गई। इसी प्रकार दीप मिष्ठान भंडार में तैयार बेसन के लड्डू में खाद्य रंग की मात्रा अधिक पाई गई, जिस पर दुकान संचालक को चेतावनी देते हुए रंग का सीमित उपयोग करने के निर्देश दिए गए।

सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित दुकानों को स्वच्छता मानक सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। यूज्ड कुकिंग ऑयल के उपयोग के संबंध में दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा रविमोहन प्रोविजन स्टोर द्वारा खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत न करने पर भी नोटिस दिया गया है।

### मेहगांव के सौंधा गांव में हुई कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग की एक अन्य टीम ने तहसील मेहगांव के ग्राम सौंधा में एसडीएम मेहगांव के निर्देशन में और पटवारी राहुल शिवहरे की उपस्थिति में जैन डेयरी एवं न्यू जैन डेयरी पर मावा, घी एवं दूध के नमूने जांच हेतु लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूनों को राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छ, प्रमाणित और विश्वसनीय प्रतिष्ठानों से ही मिठाई एवं खाद्य सामग्री खरीदें। खाद्य सुरक्षा विभाग की यह कार्रवाई त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की सुरक्षा और मिलावट पर अंकुश लगाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित हो रही है।

# अनुमति के बिना नहीं होगा धरना प्रदर्शन, रैली

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत लोकहित में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आगामी समय में जिले में मनाए जाने वाले विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक आयोजनों के मद्देनजर जारी किए गए हैं, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनी रहे।

जारी आदेश में कहा गया है कि

**कलेक्टर ने लोकहित में जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश**

आने वाले दिनों में जिले में कई त्योहार, मेले, रैलियां, शोभा यात्राएं, राजनीतिक सभाएं एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों के दौरान बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर भीड़भाड़ बढ़ने की संभावना रहेगी। इस स्थिति में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अशांति या कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रशासन ने पहले से



एहतियाती कदम उठाए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि बिना पूर्व अनुमति के कोई भी रैली, जुलूस, धरना, प्रदर्शन या सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर) आदि पर भ्रामक या उत्तेजक संदेश, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट या अफवाह फैलाने पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। ऐसे किसी भी कार्य में संलिप्त व्यक्ति पर तत्क्षण एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे शांति एवं सद्भाव बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें। यदि किसी को किसी आयोजन या कार्यक्रम की अनुमति चाहिए, तो वह संबंधित थाना या एसडीएम कार्यालय से पूर्व अनुमति लेकर ही आयोजन करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिले के सभी राजस्व, पुलिस एवं नगरीय निकाय अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन आदेशों का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान शांति, भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है।

**नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में की जांच : सीहोर।** अभा क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में बस स्टेण्ड हनुमान मंदिर में आत्रेय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चाचियावास के सौजन्य से चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह चौहान द्वारा किया गया. पूर्व चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेदिक विभाग राजस्थान के डॉ एसएन शर्मा द्वारा व उनकी टीम ने मरीजों को परामर्श एवं दवाएं वितरित कीं.

# जनादेश को चुराकर सत्ता में रहना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला : गुर्जर



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 12 अक्टूबर।** आज अटेर विधानसभा में वोट चोर,गद्दी छोड़ मुहिम के तहत ब्लॉक कांग्रेस द्वारा हस्ताक्षर अभियान अटेर ब्लॉक के ग्राम बजरिया, शुक्लपुरा, उद्योतगढ़, गाडूपुरा, मोधना, आदि अटेर आदि पहुंचकर आयोजित किया गया प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त अटेर विधानसभा कांग्रेस प्रभारी नरेन्द्र गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए आमजन को वोट चोरी को लेकर जागरूक किया ।यह अभियान हर नागरिक के मताधिकार की रक्षा और संविधान के सम्मान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

कांग्रेस राष्ट्रीय एवं कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर बोट चोरी के विरोध मे अटेर ब्लॉक में हस्ताक्षर अभियान में आम नागरिकों ने भाग लिया श्री गुर्जर ने कहा अभियान कांग्रेस के राहुल गांधी के निर्णय के तहत आयोजित किया गया उन्होंने कहा कि इसमें ग्रामीण क्षेत्र के बुद्धजीवी, शिक्षक एवं आम नागरिक शामिल हुए उन्होंने कहा इस हस्ताक्षर अभियान में देश से करोड़ों की संख्या में हस्ताक्षर शामिल होगे जिसे 15 अक्टूबर के बाद दिल्ली स्थित चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा।

कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर इस सरकार का सामना करेगी विधानसभा प्रभारी नरेन्द्र गुर्जर ने जोर देकर कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नही है बल्कि जनता का घोषणा-पत्र है कि अब भाजपा की तानाशाही और धोखेबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा सरकार आज देश ओर प्रदेश में लोकतंत्र का गला घोंटने का कार्य कर रही हैं चुनाव में जनादेश को चुराकर सत्ता में बने रहना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है हस्ताक्षर अभियान के इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अटेर विधानसभा प्रभारी नरेन्द्र गुर्जर, रमेश भदौरिया, सरपंच,ओम प्रकाश कटारे,युवा कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, राजेश शुक्ला,नेता श्यामू भदौरिया, मंडलम अध्यक्ष देव सिंह गुर्जर, राजवीर शर्मा,रामविकाश बघेल, धर्मवीर गुर्जर, ब्रजेश यादव , आकाश प्रजापति, कर्म वीर गुर्जर, पंकज शर्मा, अनुज शर्मा रवि शर्मा, भोलू शर्मा,आदि उपस्थित रहे।

# संघ का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को नगर में भव्य पथ संचलन एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य श्रीश्री 1008 स्वामी ब्रजानंद महाराज, सुरेन्द्र चौहान विभाग सह संघचालक, रामशरण पुरोहित जिला संघचालक तथा हिमांशु बंसल नगर संघचालक मंचासीन रहे।

**समाज में संगठन, अनुशासन और शक्ति का संदेश**



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत सह प्रचारक सुरेन्द्र ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निरंतर कर रहा है। शक्ति से ही समाज और राष्ट्र की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना का विशेष महत्व रहा है। हमारे सभी देवी-देवता शास्त्र और शस्त्र दोनों ही धारण करते हैं, क्योंकि दुर्बलों के शांति प्रवचन को जग नहीं सुनता। सुरेन्द्र ने कहा कि संगठन में ही शक्ति निहित है। प्रभु श्रीराम संगठन के आदि देव हैं, जिन्होंने वनवासी समाज को संगठित कर समय के सबसे शक्तिशाली रावण को भी परास्त किया।

उन्होंने कहा कि भारत का अतीत अत्यंत गौरवशाली रहा है — हमारा देश ज्ञान, विज्ञान, चिकित्सा, गणित, वास्तुकला, ज्योतिष, व्यापार और उद्योग में सदैव अग्रणी रहा है।

मुख्य वक्ता ने आगे कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है और इसके स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से समाज एवं राष्ट्रहित में सतत कार्यरत हैं। संघ की शाखाएं केवल व्यायाम या अनुशासन केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की जीवंत प्रयोगशालाएं हैं। उन्होंने कहा कि संघ का हर स्वयंसेवक हर परिस्थिति में राष्ट्रहित के लिए तत्पर रहता है। संघ समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सतत प्रयास कर रहा है। प्रांत सह प्रचारक सुरेन्द्र ने कहा कि सात्त्विकता से साधना, साधना से सिद्धि, सिद्धि से शक्ति और शक्ति से ही समाज में परिवर्तन संभव है।

### सभी हिंदू समान हैं, कोई अछूत नहीं

उन्होंने कहा कि सभी हिंदू समान हैं, कोई अछूत नहीं यह भाव प्रत्येक व्यक्ति के मन में होना चाहिए। कुटुंब प्रबोधन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है, और हमें परिवार के साथ मिल-जुलकर प्रेम, अनुशासन और मर्यादा में रहना चाहिए। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों और नियमों के पालन को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में भव्य पथ संचलन आयोजित किया गया, जो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 मैदान से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, परेड चौराहा, सिटी कोतवाली, महावीर गंज, गोल मार्केट, हाउसिंग कॉलोनी होते हुए गोरी रोड मार्ग से पुन: मैदान पर पहुंचा।

# पीपरी सरकारी स्कूल में आरओ वाटर कूलर का लोकार्पण



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अक्टूबर।** अटेर ब्लॉक के शासकीय उच्चतर

**छात्रों को मिलेगा स्वच्छ और ठंडा पेयजल**

माध्यमिक विद्यालय पीपरी में विद्यार्थियों के लिए आर.ओ. वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। इस पहल से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अब स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल सहज रूप से उपलब्ध होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वाटर कूलर वेटनरी कंपनी बिरबेक एनिमल हेल्थ की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विद्यालय को भेंट किया गया है। इस सराहनीय कार्य की पहल विद्यालय के शिक्षक अरविंद सिंह नरवरिया के विशेष प्रयासों से संभव हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन एवं फीता काटकर किया गया। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य आर.पी. किरार, कंपनी के एएसएम कृष्णा शर्मा, तथा वर्तमान प्राचार्य यशवंत सिंह कौशल उपस्थित रहे। तीनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से जल कूलर का उद्घाटन कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक अवधिविहारी शर्मा, सत्यदेव नरवरिया, सरिता भदौरिया, कमल निगम, संजय ओझा, दलवीर जम्होरिया, दिग्विजय जयंत, केदार हिंडोलिया, विपिन शर्मा, निक्की यादव, पवन कुमार शुक्ला, कल्याण नरवरिया, रामभरोसे नरवरिया, राजकुमार अहिरवार, कौशल किशोर सोनी, और धांधुराम सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ट्रक कटिंग करने आए बदमाशों के मंसूबों पर पुलिस ने फेरा पानी

**सीहोर 12 अक्टूबर.** भोपाल-इंदौर हाईवे पर ट्रक कटिंग की वारदात को अंजाम देने चोर बीती रात को मौका तलाश रहे थे, लेकिन पार्वती थाना पुलिस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया. पीछा करने पर बदमाश दो बाइक छोड़कर रफूचक्कर हो गए. बीती रात पार्वती पुलिस टीम पेट्रोलिंग कर रही थी. तब पता चला कि चार बाइक से 12 लोग आए हैं, जो ट्रक कटिंग करने की फिराक में हैं. पुलिस ने उनका पीछा किया, जिसे देख चोरों ने भी अपनी बाइक की रफ्तार तेज कर दी. जब चोरों को लगा कि पकड़े जाएंगे तो चार में से दो बाइक को छोड़कर कच्चे रास्ते से होकर भागने में कामयाब हो गए. पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है. चोरों के पास जो बाइक थी वह बिना नंबर की थी. पुलिस उनके चेचिस नंबर और अन्य तरीके से जांच, पड़ताल करने में जुटी है. उल्लेखनीय है कि जिले की सीमा में भोपाल-इंदौर हाईवे पर सरहटी घाटी से सोया चौपाल के बीच कई बार ट्रक कटिंग हुई है।

# सवा दो लाख बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अक्टूबर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को जिलेभर में दो बूंद जिंदगी की कार्यक्रम के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के लगभग सवा दो लाख बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई गई।

अभियान का शुभारंभ जिला

**जिला पंचायत सीईओ ने अभियान का किया शुभारंभ, प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाने का संकल्प**

पंचायत सीईओ सुनील दुबे ने जिला चिकित्सालय परिसर में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के. मिश्रा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव भटनागर, जिला कार्यक्रम



प्रबंधक डॉ. अवधेश शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ. जे.एस. यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में जिले में व्यापक तैयारी की गई थी। जिलेभर में कुल 2248 पोलियो बूथ स्थापित किए गए, जहां स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया। अभियान की मॉनिटरिंग हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक इंटरनल मॉनिटर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार अन्य विभागीय अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर अभियान की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा और स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर बच्चों को बूथ तक लाने में सहयोग कर रहे हैं।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव भटनागर ने बताया कि इस बार प्रशासनिक और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों और अभिभावकों में पोलियो खुराक पिलाने को लेकर उत्साह देखा गया। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम दिन की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 2 लाख 25 हजार बच्चों को पोलियो की दो बूंदें पिलाई गईं। डॉ. यादव ने आगे कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश पहले दिन पोलियो दवा से वंचित रह गए हैं, उन्हें 13 और 14 अक्टूबर 2025 को कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि भिण्ड जिला शत-प्रतिशत पोलियो मुक्त रहे। अभियान के दौरान जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी मोहल्लों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, आंगनवाड़ी केन्द्रों और सार्वजनिक स्थलों पर बूथ लगाए गए थे। जनजागरूकता बढ़ाने के लिए रैली और प्रचार वाहन भी निकाले गए। जिले में इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं नगरीय निकायों के सहयोग से संयुक्त प्रयास किए गए।

# ओवरब्रिज निर्माण के विरोध में अनोखा प्रदर्शन

**सीहोर 12 अक्टूबर.** नगर के हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बन रहे फ्लाय ओवर ब्रिज को लेकर यहां के रहवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. दरअसल ब्रिज कार्पोरेशन यहां फ्लाय ओवर के दोनों ओर सर्विस लेन नहीं बना रहा है. ब्रिज कार्पोरेशन सिर्फ एक तरफ ही सर्विस लेन दे रहा है.

ब्रिज कार्पोरेशन के इस बेतूके निर्णय को लेकर रहवासियों का कहना है कि यहां आए दिन हादसे होते रहेंगे. हाउसिंग बोर्ड के लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि ब्रिज को इस तरह सर्पाकार में क्यों बनाया गया, जबकि यहां रेलवे और शासकीय भूमि होने के कारण सीधा भी बनाया जा सकता था. उनका आरोप है अधिकारियों ने जान-बूझकर ब्रिज को सर्पाकार बनाया है, जिसके कारण अब ब्रिज के किनारे पर सर्विस लेन बनाने की जगह नहीं बची है. सर्पाकार ब्रिज के विरोध में यहां के रहवासियों ने रविवार को सांप-सीढ़ी प्रतियोगिता आयोजित की. जिसमें क्षेत्र के करीब 50 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए. प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिया गया.

# स्वदेशी जागरण सप्ताह को लेकर पीएम एमजेएस कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 अक्टूबर।** स्वदेशी जागरण अभियान तभी सफल होगा जब यह जन-जन का अभियान बने और समाज का

**डॉ. शिवप्रताप सिंह बोले- स्वदेशी आंदोलन तभी सार्थक जब हर नागरिक ले अपनाने का प्रण**

प्रत्येक वर्ग स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बनाए। उक्त उद्गार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने पीएम एमजेएस कॉलेज में आयोजित स्वदेशी जागरण सप्ताह संगोष्ठी में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब हम विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। संगोष्ठी में स्वदेशी जागरण मंच, जन अभियान परिषद, लीड संस्था, एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रमुख रिपुदमन सिंह ने कहा कि युवा वर्ग स्वदेशी



आंदोलन की असली शक्ति है। यदि छात्र समाज में जागरूकता लाने का बीड़ा उठाएँ, तो यह अभियान जन-जन तक पहुँचेगा और देश आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने का अर्थ केवल भारतीय वस्तुओं का उपयोग नहीं, बल्कि आत्मगौरव, संस्कृति और स्थानीय रोजगार को सम्मान देना है। मुख्य अतिथि समाजसेवी शैलेश नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि यह राष्ट्र पुनर्निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र वस्त्र, भोजन, तकनीक, उद्योग, शिक्षा में स्वदेशी को अपनाना चाहिए।

इससे देश आत्मनिर्भर बनेगा और विदेशी कंपनियों पर निर्भरता घटेगी। जिला समन्वयक डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री पाना नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

विद्यार्थियों को अपने आसपास के स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़ाना चाहिए, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्योगों को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की शपथ भी दिलाई। संगोष्ठी में कवि प्रदीप वाजपेई, स्वदेशी जागरण मंच के जिला प्रमुख भानुप्रताप सिंह, लीड संस्था के मेंटर अतुलकांत शर्मा, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अटेर सोहन सिंह भदौरिया, कॉलेज के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने प्रस्तुत की, जबकि संचालन मेंटर नीरज शर्मा ने किया। अंत में जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि ने आभार प्रदर्शन किया।